बी.एड. विशिष्ट अध्ययन

सत्रांत परीक्षा

जून, 2010

01493

एम.एम.डी.ई-015 : हिन्दी में शिक्षण

समय : 2 घंटे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : *दिये हुए निर्देशों के अनुसार उत्तर दें।*

खण्ड - क

सभी प्रश्नों के अंक बराबर हैं। कृपया सभी प्रश्नों के उत्तर दें। 5x2=10

1. मानव जीवन में भाषा के किन्हीं चार महत्त्वों का उल्लेख करें ?

2. निम्नलिखित के भेद स्पष्ट करें :

   सन्धि-समास, रूढ़-यौगिक, मुख्यार्थ-लक्ष्यार्थ, कर्मधारय-द्विगु समास

3. व्याकरण शिक्षण के चार महत्त्वपूर्ण उद्देश्य लिखें।

4. जीवनी और संस्मरण में अन्तर स्पष्ट करें।

5. कक्षा में साँचा अभ्यास कराने की विधि बताएं।

खण्ड - ख

***किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दें। सभी प्रश्नों के अंक बराबर हैं :* 4x5=20

6. भाषा-शिक्षण सामग्री का वर्गीकरण करते हुए औपचारिक पाठ्य पुस्तक का तीन वाक्यों में परिचय दें।

7. पाठ्य पुस्तक के आवश्यक तत्व एवं गुणों का उल्लेख संक्षेप में करें।

8. पाठ आधारित लेखन की विधियाँ कौन-कौन सी हैं? सार लेखन किसे कहते हैं?

9. भाषाई कौशलों के अंतर्गत किन चार कौशलों को रखा जाता है? संक्षेप में समझाएं।

10. माखनलाल चतुर्वेदी का संक्षिप्त परिचय अपनी पाठ्य-पुस्तक के आधार पर दें।

11. 'सवा सेर गेहूँ' के लेखक कौन हैं? इस कहानी में मूल बात क्या कही गई है?

खण्ड - ग

12. किसी नाटक के सफल मंचन में भाषा, सम्वाद और शिल्प की क्या भूमिका होती है — समझाकर लिखें। 10

अथवा

हिन्दी की गद्य विधाओं का नामोल्लेख करते हुए यात्रा वृत्तान्त पर टिप्पणी लिखें और हिन्दी के चार महत्त्वपूर्ण यात्रा-वृत्तान्त लेखकों का उल्लेख करें।

13. निबन्ध की विभिन्न शैलियों का उल्लेख करें। व्यंग्य लेखन पर परिचयात्मक टिप्पणी देते हुए व्यंग्य लेखक के रूप में हरिशंकर परसाई का परिचय दें। 10

अथवा

शिक्षण प्रणाली में चित्र एवं चित्रकथा के महत्त्व पर विवरणात्मक टिप्पणी दें।